# कविता पाठ: मेरा बस्ता

नीचे दिए गए शब्दों की सहायता से कविता की पंक्तियाँ पूरी करो।

## मेरा बस्ता

मुझसे भारी मेरा ________ ,

कर दी मेरी हालत ________।

इसे उठाकर चलना ________ ,

सभी ________ पढ़ना मुश्किल।

कोई मेरी टीचर को ________ ,

इसको कुछ ________ करवाए।

| | | |
|---|---|---|
| मुश्किल | बस्ता | हल्का |
| खस्ता | पुस्तकें | समझाए |

उत्तर:बस्ता, खस्ता, मुश्किल पुस्तकें , समझाए, हल्का

# कविता पाठ: चिड़िया

कविता को पढ़ो और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो।

एक चिड़िया के बच्चे चार,
घर से निकले पंख पसार।
पूरब से पश्चिम को जाएँ,
उत्तर से फिर दक्षिण को आएँ।
घूमघाम जब घर को आएँ,
माँ को एक बात सुनाएँ।
देख लिया हमने जग सारा,
अपना घर है सबसे प्यारा।

दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर निशान लगाओ।

1. चिड़िया के कितने बच्चे हैं?

क. चार  ख आठ

2. बच्चे किन दिशाओं में जाते हैं?

क. पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण  ख उत्तर, दक्षिण

3. बच्चों को सबसे प्यारा क्या लगता है?

क. उड़ना  ख अपना घर

4. कविता का एक शीर्षक लिखिए?

______________________________

______________________________

उत्तर: 1. क, 2. क, 3. ख

# कविता पाठ: जोकर

कविता पढ़ो और अपनी कल्पना का प्रयोग करते हुए दिए गए स्थान पर चित्र बनाओ।

जोकर

तरह तरह के खेल दिखाए,
जोकर सबका मन बहलाए।
ऊँची टोपी, लंबी नाक,
सबसे करता हँसी-मजाक।
नाचे-कूदे, धूम मचाए,
सब बच्चों को खूब हँसाए।

# कविता पाठ: घड़ी

नीचे एक कविता दी गई है जिसके वाक्य अलग अलग हो गए हैं। कविता की पंक्तियों को जोड़कर दिए गए स्थान पर लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| लोगों को यह समय बताती। | अपना महत्व हमें सिखाती। | लोगों को यह समय बताती। |
| उसको जीवन में आगे बढ़ाती। | टिक टिक करके चलती जाती, | जो चलता है समय के साथ, |
| टिक टिक करके चलती जाती, | जीवन का नया पाठ पढ़ाती, | |

| घड़ी |
|---|
| |
| |
| |
| |
| |
| |
| |
| |
| |
| |
| |
| |
| |
| |
| |

उत्तर: टिक टिक करके चलती जाती, लोगों को यह समय बताती।
जीवन का नया पाठ पढ़ाती, अपना महत्व हमें सिखाती।
जो चलता है समय के साथ, उसको जीवन में आगे बढ़ाती।
टिक टिक करके चलती जाती, लोगों को यह समय बताती।